हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026



# आठ नगरीय निकायों में 31 एल्डरमैन की नियुक्ति, 9 महिलाओं को मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के 16 महीने बाद आखिरकार प्रदेश सरकार ने जिले के निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति कर दी है। प्रदेश शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव के तीन जिलों के आठ निकायों में कुल 31 एल्डरमैन बनाए गए हैं। इसमें 9 महिलाओं को भी अवसर दिया गया है। वहीं सभी निकायों में जातिगत समीकरण को भी ध्यान में रखा गया है। खास बात यह है कि भाजपा ने इस बार एल्डरमैन की सूची में कई युवा चेहरों को भी जगह दी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई महीनों से एल्डरमैन की नियुक्तियों को लेकर इंतजार किया जा रहा था। इस बीच छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में नगरीय निकायों के लिए एल्डरमैन और नामांकित जनप्रतिनिधियों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी गई है। इस नवीन सूची के अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में शासन के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। इस घोषणा के बाद से स्थानीय राजनीति में एक नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है और राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई है। शासन की इस पहल से क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद है। ज्ञात हो कुछ महीने पहले एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर कुछ नाम सामने आए थे, हालांकि उन नामों में से कुछ इस सूची में बदले हुए नजर आए है।

## जातिगत समीकरण के साथ ही युवाओं को मिली तवज्जो

### महिलाएं, युवाओं को मौका

राजनांदगांव नगर पालिक निगम के अंतर्गत कुल आठ नागरिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें नागेश यद्धु, करूणा राजपूत, हर्ष रामटेके, सूर्यकांत श्रीवास, मंजु यादव, भीषम देवांगन, कृति बोरकर तथा देवाशीष झा के नाम शामिल हैं। राजनांदगांव निगम में एल्डरमैन की नियुक्ति के दौरान महिलाओं, युवाओं के साथ ही जातिगत समीकरण को भी ध्यान में रखा गया है।



### नए जिलों में भी नियुक्ति

नवनिर्मित जिलों में नगर पंचायत छुईखदान में राजू उके, किरण गुप्ता और अर्जुन महोबिया को जिम्मेदारी मिली है। वहीं नगर पंचायत गंडई में टेकन देवांगन, राजेश जायसवाल और अशोक देवांगन को शामिल किया गया है। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में देवनारायण कुंभकार, सैय्यद वजहरूद्दीन तथा कुंजनता हरमुख को एल्डरमैन बनाया गया है।

### सभी पांच निकाय में नियुक्ति

प्रशासनिक आदेश के अनुसार जिले के डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के लिए लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, जितेन्द्र हिरवानी, सविता दरगड़, पूजा नामदेव और लक्ष्मी यादव को स्थान दिया गया है। इसी तरह डोंगरगांव नगर पालिका परिषद में गुलशन हिरवानी, दयानंद मेन और राजीव वैष्णव को मनोनीत किया गया है। नगर पंचायत छुरिया में संगीता यादव, गुरप्रीत सिंह भाटिया और नीतीश सिन्हा को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत लालबहादुर नगर में राजेन्द्र तिवारी, धर्मोतीन चंद्रवंशी और रेखराम यादव को शासन का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।




## खबर संक्षेप

### घर का ताला तोड़कर नगदी व आभूषण चोरी

**राजनांदगांव।** घर व दुकान में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने नगदी रकम एवं आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नयापारा अछोली रोड स्थित मकान व दुकान में सामने का गेट तोड़कर सूने घर के अंदर प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे नगदी रकम, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, टाप्स झुमका फूल, सोने का चैन, तीन सोने का पत्ती, नथनी, चांदी की पायल, फल्ली, चाबी का चांदी का गुच्छा व घर के पर्स में रखे नगदी रकम 20000 रुपए एवं दुकान के गल्ले में रखे 50000 रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## महतारी वंदन योजना: प्रदेश में दूसरे स्थान में राजनांदगांव जिला

# तीन जिले में 10222 महिलाओं का केवाईसी नहीं, अगस्त तक मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना अंतर्गत अनिवार्य की गई ई-केवाईसी प्रक्रिया की अवधि बढ़ा दी गई है। अब महिलाओं के पास 31 अगस्त तक का मौका दिया गया है। इधर अब तक अविभाजित राजनांदगांव के तीन जिलों में 10 हजार से अधिक महिलाओं का केवाईसी होना बाकी रह गया है। बताया गया कि जिन महिलाओं ने केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत जुलाई महीने की किस्त देर से दी जाएगी। हालांकि केवाईसी कराने के बाद इन महिलाओं को पुनः किस्त मिलने लगेगी।

उल्लेखनीय है कि करीबन छह महीने पहले प्रदेश सरकार ने निर्देश जारी कर महतारी वंदन योजना के तहत पंजीकृत महिलाओं को केवाईसी के आदेश दिए थे। राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलों में प्रशासनिक अमले और कॉमन सर्विस सेंटर के संचालकों के जरिये यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिले में अमले की सक्रियता से रिकॉर्ड संख्या में सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिससे योजना के सुचारू क्रियान्वयन को एक नई गति मिली है।

### खास बातें

- नांदगांव जिले में 98 फीसदी लक्ष्य हुआ पूरा
- केवाईसी नहीं कराने पर योजना से हो सकती है महिलाएं बाहर



### घर जाकर होगा सत्यापन

पात्र महिलाएं सत्यापन से वंचित रह गई हैं, उनके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग विशेष कार्ययोजना तैयार कर रहा है। इसके तहत मैदानी अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसी महिलाओं की सूची बनाएं जो गंभीर रूप से बीमार हैं अथवा चल-फिर नहीं सकती हैं। इन महिलाओं के घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से बायोमेट्रिक या फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### पलायन, बीमारी कारण

जिले में अब केवल 4110 महिलाओं का सत्यापन शेष रह गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जो महिलाएं अभी तक इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पाई है, उनमें से एक बड़ी संख्या उन कामकाजी महिलाओं की है, जो रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों या जिलों में पलायन कर चुकी है। इसके अतिरिक्त कई वृद्ध और बीमार महिलाएं गंभीर स्वास्थ्यगत कारणों और शारीरिक अक्षमता की वजह से समय पर केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ रही। अब समय-सीमा अगस्त तक बढ़ने से इन शेष महिलाओं को भी राहत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उनके सत्यापन के विशेष प्रयास किए जाएंगे।

### तीनों जिलों में प्रदर्शन बेहतर

जिले में कुल 240996 महिलाओं के सत्यापन का लक्ष्य रखा गया था। जिसके मुकाबले 30 जून की अवधि तक 236886 महिलाओं का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया। जिले में 98.29 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि हासिल की है। इसी प्रकार नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में निर्धारित 110439 लक्ष्य के सापेक्ष 106818 महिलाओं का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। यहां 97.72 फीसदी काम हो गया है। वहीं दूसरी ओर वनांचल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में कुल 70428 महिलाओं के सत्यापन का लक्ष्य तय किया गया था। जिसमें से 74933 महिलाओं का ई-केवाईसी पूरा कर लिया गया।

# मोहारा बाईपास की सर्विस रोड जर्जर, दुर्घटनाओं का बना खतरा, सुधार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बीच मोहरा बाईपास रोड विगत कई माह से जर्जर स्थिति में नजर आ रहा है। इसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की जा रही है। मरम्मत के अभाव में सड़क पर दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं। इसके चलते बारिश के दिनों में गड्ढे में पानी भरने की वजह से कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

मोहारा बाईपास रोड में मोहारा की ओर से कन्हापुरी की ओर जाने वाली सर्विस रोड की स्थिति काफी खराब है। लगभग सौ मीटर का एरिया बड़े गड्ढों से भरा हुआ है। जिसमें बारिश का पानी भर रहा है। सर्विस रोड पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था नहीं होने के चलते दो पहिया वाहन चालकों को दूर से गड्ढा नजर नहीं आ रहा है। जिसमें गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने से आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बरिश पूर्व नहीं हुई मरम्मत

शहर की सभी सड़कों की बारिश पूर्व मरम्मत की जानी थी। वहीं जिन सड़कों पर छोटे-छोटे गड्ढे हो गए हैं, उनमें पेंचवर्क का काम होना था, लेकिन विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। मोहारा बाईपास की जर्जर सड़क को लेकर राहगीरों सहित स्थानीय लोगों की मांग करने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसे में अब बारिश की स्थिति में सड़क के गड्ढे में पानी भर रहा है।

### दुर्घटना का इंतजार

मोहारा बाईपास सर्विस रोड से कन्हापुरी, जंगलेसर, खैरा, रवेली, लखोली सहित आसपास के क्षेत्र से आवागमन करने वाले लोग इस बाईपास से होकर गुजरते हैं। जर्जर सड़क की वजह से दो पहिया वाहन चालकों को काफी समस्या होती है। आसपास के लोगों ने बताया कि रात के वक्त यहां कई बार बाइक सवार गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। लोगों ने आक्रोश जताते कहा कि शासन-प्रशासन को किसी गंभीर और बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

# पिकअप में मवेशियों को ले जाते आरोपी चेकिंग के दौरान पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाहन चेकिंग के दौरान मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाने के मामले में पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन से चार मवेशी बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत एक जुलाई को मेन रोड गैंदाटोला ग्राम बिटाल के पास मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर वाहन चेंकिंग किया जा रहा था। इस दौरान डोंगरगांव की ओर से एक पिकअप वाहन डीआई को रोककर वाहन को चेक किया। वाहन में 2 गाय, 2 बछिया कुल 4 मवेशी को बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंसकर भरकर परिवहन कर रहा था। अनावेदकों के विरूद्ध धारा-11 (1)(घ) पशुओं के प्रतिक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।



### वाहन व मवेशी जब्त

पुलिस के अनुसार वाहन में सवार व्यक्तियों को पूछताछ करने पर अपना नाम चंद्रभान पडोती 43 साल, बलदुराम तारम 52 साल व योगराज पड़ौती 29 साल सभी ग्राम गड़ेगांव थाना चिचगढ़ जिला गोंदिया महाराष्ट्र का होना बताया, जिन्हें मवेशी को परिवहन करने के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि ग्राम आसरा से मवेशी दान में प्राप्त कर अपने गांव गड़ेगांव महाराष्ट्र ले जाना बताए। मवेशी को वाहन में परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना लिखित में बताया, जो उक्त कृत्य धारा-11 (1)(घ) पशुओं के प्रतिक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 का घटित करना पाए जाने से एक पिकअप वाहन डीआई सहित 4 नग मवेशी को मौके पर जब्त किया गया।

## 16 जुलाई को निकलेगी भव्य रथयात्रा, रथ निर्माण का कार्य शुरू

# देव स्नान के बाद नाथ अस्वस्थ, मंदिर के पट बंद, औषधीय सेवा की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंदिर परिसर में रथ का निर्माण एवं साज-सजावट के कार्य में कारीगर जुटे हुए हैं। मान्यताओं के अनुसार देव स्नान पूर्णिया के बाद भगवान के विश्राम काल की शुरूआत हो गई है। भगवान जगन्नाथ मंदिर के पट बंद हैं।

ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि 29 जून को भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक देव स्नान भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ कराया गया। देव स्नान के बाद अब मंदिर में भगवान के एकांतवास विश्रामकाल की शुरूआत हो गई है। मान्यता के अनुसार कलशों के पवित्र जल से महाभिषेक के बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी परंपरा के निर्वहन में मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए हैं और प्रभु विश्राम कर रहे हैं।

**मंदिर में जड़ी बुटियों से सेवा**

मंदिर के पुजारियों के अनुसार इस अवधि में भगवान को रोगी स्वरूप मानकर उनकी विशेष सेवा की जाती है। उन्हें जड़ी-बूटियों से तैयार औषधियां, काढ़ा तथा हल्का एवं सुपाच्य भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान भगवान का नियमित श्रृंगार नहीं किया जाता, बल्कि वैद्यराज की भांति उनकी सेवा एवं उपचार किया जाता है।



**श्रद्धा भक्ति का माहौल :** प्रभात नगर लालबाग स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर समिति के सतीश सोनी ने बताया कि भगवान के स्वास्थ्य लाभ के बाद निर्धारित तिथि 15 जून को नैनउत्सव होगा। मंदिर का पट 15 जुलाई को शाम 6 बजे खोले जाएंगे। इसके बाद 16 जुलाई को भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

### एकांतवास में देव

एकांतवास काल के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो पाते। मान्यता है कि उपचार और विश्राम के बाद जब भगवान पूर्णतः स्वस्थ हो जाते हैं, तब नवयौवन वेश में भक्तों को दर्शन देते हैं। इधर रथयात्रा को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां भी तेज हो गई है। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान के रथों का निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कारीगर श्रद्धा और भक्ति के साथ रथ निर्माण में जुटे हुए हैं। रथ को आकर्षक स्वरूप देने के लिए रंग-रोगन और सजावट का कार्य भी किया जाएगा।

**0 राजनांदगांव।** मौसम परिवर्तन के चलते आसमान में बदली छाई हुई है। शाम को तेज हवाओं के साथ बूंदा बांदी होने से मौसम सुहावना होने लगा है। वहीं किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

### माए एंगल







संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| न्यूरोलॉजी विभाग | हृदय रोग विभाग |
|---|---|
| डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी<br>MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh) | Dr. Zahid Khan<br>MBBS, MD, DM Cardiologist |
| • सिर दर्द (माईग्रेन)<br>• मिर्गी<br>• लकवा<br>• ब्रेन ट्यूमर<br>• ब्रेन हेमरेज<br>• साइटिका (कमर दर्द) | • एंजियोग्राफी<br>• एंजियोप्लास्टी<br>• पेसमेकर<br>24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध | OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 89595-44444

## खबर संक्षेप

### गीतांजलि ने नेपाल में जीता स्वर्ण पदक



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के संचालक तरूण चौधरी की सुपुत्री गीतांजलि चौधरी ने स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रौशन किया है। नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गीतांजलि चौधरी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि से उनके परिवार और देश का गौरव बढ़ा है। गीतांजलि वर्तमान में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में बीपीएड की छात्रा हैं। वह इससे पूर्व भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीत चुकी हैं। गीतांजलि की शानदार सफलता के लिए छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल ने बधाई दी है।

### निकली विशाल सांगा बाना यात्रा



**सड़क अतरिया।** चकनार नर्मदा में गुरूवार को शीतला जुडवास श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया है। शीतला मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। तत्पश्चात युवा एवं ग्रामीणों ने जस गीत एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ सांगा बाना की यात्रा निकाला। झांकी में आधा दर्जन से अधिक युवा सांगा भाग के साथ चले तो दर्जन भर युवा दुर्गा बने हुए थे। यात्रा चकनार से अवंतीबाई चौक नर्मदा तक निकाला गया। झांकी में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। भीड़ की वजह से आवागमन प्रभावित हुआ किन्तु पुलिस के जवानों ने व्यवस्था को संभाले रखा।

### गुणवत्ता के साथ कराएं निर्माण : कलेक्टर



**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सेतु विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सभी स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### डिप्टी कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**मोहला।** डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव ने जिले में संचालित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों तथा प्रशिक्षणार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री ध्रुव ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं अन्य कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से जिले के युवाओं को निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। इन योजनाओं से युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं तथा उन्हें उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप दक्ष बनाया जा रहा है।

### कलाकारों ने की कलेक्टर से सौजन्य भेंट



**मोहला।** सोमनाथ में आयोजित स्वाभिमान यात्रा में जिले का प्रतिनिधित्व कर लौटे 20 लोक कलाकारों एवं साहित्यकारों के दल ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति से सौजन्य भेंट की। सोमनाथ मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मानपुर की ओडिसी नृत्यांगना माधुरी पुरामे तथा लोक कलाकार लक्ष्मी निषाद के नेतृत्व में शिवलोक की पावन माटी एवं शिवनाथ नदी के पवित्र जल से भरे कलश को सोमनाथ मंदिर में समर्पित किया। जिले के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न पद्मश्री एवं राज्य अलंकरण प्राप्त कलाकारों से भेंट कर जिले की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक परंपरा का परिचय दिया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने नशामुक्त भारत सप्ताह अंतर्गत आयोजित चित्रकला की विजेता काम्या भूआर्य, ज्योति यादव तथा गुंजन नेताम, निबंध प्रतियोगिता की विजेता लोकेश्वरी नायक एवं डिम्पल नायक को सम्मानित किया।

### प्रवेशोत्सव में किताब- गणवेश वितरित



**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला बिजेतला में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अयक्षता जनपद सदस्य तुलसी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच लीलेश्वरी वर्मा, सोनू वर्मा, केआर खरसान, ईश्वर पटेल, भारती निषाद, नीलांबर वर्मा, छबिलाल यदु, नारदलाल वर्मा, निर्मललाल वर्मा, राधिका कोसरे, प्रेमनारायण साहू थे। इस मौके पर सभी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश दिया गया। कक्षा पांचवी एवं आठवीं में प्रथम आने वाले बच्चों को मेडल एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लतमार साहू, प्रधान पाठक रामनरेश साहू, पुरुषोत्तम कंवर, लोचनलाल साहू, फूलसिंह मंडावी, पुहुपराम धुर्वे, प्रवीण गायकवाड़, लखन साहू, रूपेश वर्मा, सुभाष साहू मौजूद थे।

## निधन



### प्रशांत भट्टाचार्य

**डोंगरगढ़।** नाकापारा निवासी प्रशांत कुमार भट्टाचार्य का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

## वीबी जी राम जी योजना का शुभारंभ, किसानों और ग्रामीणों को समर्पित योजना : विक्रांत

# मजदूरों को मिलेगा ज्यादा काम और दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

जिला स्तरीय वीबी जी राम जी जन सम्मेलन सह शुभारंभ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन से हुई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि यह योजना विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शुरू की गई है। योजना के तहत मजदूरी दर को 261 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपए किया गया है। योजना में 318 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय छुईखदान के प्राचार्य डॉ. अविनाश गुप्ता, पान अनुसंधान केंद्र के प्रभारी असाटी, जनपद की सीईओ केशवरी देवांगन, जिला मनरेगा अधिकारी तारम, सलीम खान, जनपद अध्यक्ष पुष्प वर्मा, जनपद अध्यक्ष डॉ. राजश्री त्रिपाठी, जिपं सदस्य हेमलता मंडावी, दिनेश वर्मा, जमुना कुर्रे, भुनेश्वरी देवांगन, ललित चोपड़ा, अरुणासिंह, लखन साहू, राजू जंघेल, प्रेम नारायण चंद्राकर, राजलक्ष्मी पंसारी, नवनीत भावेश, संदीप वैष्णव, संदीप महोबिया सहित अन्य उपस्थित थे।




### विकास को नई गति

कलेक्टर इन्द्रपाल सिंह चंद्रवाल ने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना प्रदेश में विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत मजदूरी का समय पर भुगतान किया जाएगा तथा हितग्राहियों को 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## एक सप्ताह में मजदूरी का भुगतान

**डोंगरगांव।** विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन का शुभारंभ मौके पर नेशनल हाइवे पर स्थिति ग्राम पंचायत कोहका में गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं सदस्य जागृति चुन्नी यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, मनीष साहू, जया साहू, टीमेश साहू, विवेक मंडावी, द्वारिका दास टंडन, नोहर दास साहू, जीवन लाल पटेल, विरेन्द्र तिवारी, सरपंच कमलेश साहू, जनपद सीईओ रौशनी भगत टोप्पो, यादराम साहू आदि शामिल हुए।



### योजनाओं का उठाएं लाभ

इस मौके पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सबकी सहभागिता से ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### मजदूरों की बढ़ेगी आय

जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्री गांधी ने बताया कि योजना के तहत अब ग्रामीण श्रमिकों को 100 के बजाए 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। श्रमिकों की मजदूरी दर को 261 से बढ़ाकर 300 रूपए प्रतिदिन कर दी गई है, जिससे श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि मजदूरी का भुगतान सात दिनों के भीतर किया जाएगा। रोजगार की मांग प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कार्य उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

# सवा सौ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सवा सौ युवाओ को आत्म निर्भर बनाने के लिए बुधवार से सोलर पीवी इंस्टालर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन एवं फील्ड टेक्नीशियन एंड होम अप्लांस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नगर के आईटीआई में बुधवार से तीस युवाओं को असिस्टेंट टेक्नीशियन का प्रशिक्षण देने की शुरूवात की गई। नगर में मुख्यमंत्री कौशल विकास अंतर्गत पंजीकृत लोक कल्याण सेवा समिति में सोलर पीवी इंस्टालर के लिए 60 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी तरह सृजन निकेतन में 30 युवाओं को फील्ड टेक्नीशियन एंड होम अप्लांस का प्रषिक्षण दिया जाएगा। उदघाटन अवसर पर भाजपा नेता किशोर यादव, आईटीआई प्राचार्य जीएल खरे, चंदा साहू, देवेश साहू, बेनजीर कुरैशी आदि उपस्थित थे।




### युवा उठाएं लाभ

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव ने किया। श्री ध्रुव ने युवाओ को योजना के उद्देश्य को सामने रखते हुए लाभ उठाने का आहवान किया। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में नौकरी मिल पाना आसान नहीं है। ऐसी स्थिति में युवाओं को आत्मनिर्भर होना आवश्यक है।

# श्रीयंत्र निर्माण को लेकर भाजपा कांग्रेस नेताओं में जुबानी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़




■ विधायक ने कहा : अनियमितता की हो जांच

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रसाद योजना अंतर्गत निर्माणाधीन श्रीयंत्र को लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई है। इस मामले को लेकर विपक्षी कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा आमने-सामने आ गई हैं। कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के निर्माण की गुणवत्ता, लागत और पारदर्शिता पर सवाल उठाने के बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए उनके आरोप को बदनाम करने की कोशिश बताया है।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक नगरी में पर्यटन का बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के तहत कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिसके ही तहत विशाल श्रीयंत्र निर्माणाधीन है। यह निर्माण लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है और अब इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

हाल में कांग्रेस विधायक श्रीमती बघेल ने श्रीयंत्र के निर्माण में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा था कि करोड़ों खर्च करने के बाद इसका लोकार्पण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरता गया है। उनका कहना था कि कार्यों में अनियमितता हुई है तो जवाबदेही तय होना चाहिए।

### भ्रम फैलाती है कांग्रेस

विधायक के आरोपों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस विकास कार्यों पर सवाल खड़े कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती है। नेताओं का कहना है कि धार्मिक स्थलों के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के माध्यम से अनेक विकास कार्य स्वीकृत किए गए, जिनमें श्रीयंत्र भी शामिल है। नेताओं ने कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास से पर्यटन को नई दिशा मिलेगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कार्य नियमानुसार कराए गए हैं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस को विकास में सहयोग करना चाहिए।

### नजर प्रशासन पर

फिलहाल श्रीयंत्र निर्माण को लेकर उठे सवालों और आरोपों के बीच लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। देखना है कि परियोजना को लेकर उठे विवाद का समाधान कैसे किया जाता है।

# सास ससुर ने कराया विधवा बहू का ब्याह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

साहू समाज में सामाजिक समरसता, मानवीय संवेदनाओं और प्रगतिशील सोच का प्रेरणादायक उदाहरण तब समय देखने को मिला, जब ग्राम सलईटोला निवासी उमेराम साहू एवं उनकी पत्नी अमरबती बाई साहू ने अपनी पुत्रवधू लोकेश्वरी साहू को बेटी का दर्जा देते हुए उसका पुनर्विवाह सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया। उसका विवाह आकों निवासी ओमप्रकाश साहू पिता हुमनलाल साहू के साथ संपन्न हुआ।

### मिला नया जीवन

जानकारी के अनुसार लोकेश्वरी साहू के पति अजय साहू का आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुखद घटना के बाद परिवार ने सामाजिक रूढ़ियों को दरकिनार करते हुए मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दी। लोकेश्वरी के ससुर उमेराम साहू एवं सास अमरबती बाई ने बहू को बेटी का दर्जा देते हुए उसके सुखद भविष्य का ध्यान में रखकर पुनर्विवाह कराने का निर्णय लिया। उनके इस निर्णय को साहू समाज के लोगों ने भी सराहा।

### अच्छी सोच से बदलाव

तहसील साहू संघ कुमरदा के अध्यक्ष मिलाप दास साहू ने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह समय के साथ सकारात्मक बदलावों को स्वीकार करता है। उमेराम साहू एवं अमरबती बाई ने जो कदम उठाया है वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। यह केवल एक विवाह नहीं, बल्कि महिला सम्मान, मानवीय संवेदना और सामाजिक जागरूकता का उदाहरण है।

### सामाजिकजनों की सहभागिता

समारोह में सामाजिक प्रतिनिधियों ने शामिल होकर इस पहल को साहू समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय समाज में सकारात्मक सोच, महिला सम्मान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने नव दंपती के सुखमय, सफल एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ कुमरदा के अध्यक्ष मिलाप दास साहू, भुवन साहू, फकीर साहू, मेघनाथ साहू, मानदास साहू, सुंदर साहू, उमेदी साहू, हनुमान साहू, कुमार साय, चमन साहू, द्वारका साहू, राजेंद्र साहू, हीरा साहू, माहेश्वरी साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### तुमड़ीबोड़ में मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तुमड़ीबोड़ में 30 जून को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

नवमी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का टीका लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा करते सरपंच भुनेश्वरी साहू, प्राचार्य डॉ. मोन्सी वर्गीस, खेलूराम साहू, पीताम्बर साहू ने स्वागत किया। इस अवसर पर नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया और नवमी के छात्राओं को सरस्वती योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।

# पहली बारिश में पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन प्रभावित

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव रेलवे ओवरब्रिज के नीचे गांधीनगर जाने वाले मार्ग पर निर्मित पुल पहली ही बारिश की मार नहीं झेल सका। पुल के क्षतिग्रस्त होने से लाखों की लागत से कराए गए कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गांधीनगर मार्ग सहित आसपास में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पुल का निर्माण कुछ ही समय पहले पूरा हुआ था। तेज बारिश से पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का पालन नहीं करने से यह स्थिति बनी है। ग्रामीणों ने जांच कराने की मांग की है।



### सड़क पर भरा पानी

बारिश के बाद पुल के आसपास पानी जमा होने से गांधीनगर मार्ग में कीचड़ हो गई है। सड़क पर गड्ढे और दलदल जैसी स्थिति बनने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों को गंदे पानी और कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है। भाजपा नेता उपकार सिंह बघेल ने क्षतिग्रस्त पुल की तत्काल मरम्मत तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गर्रापार में योजना का शुभारंभ

**छुरिया।** ग्राम पंचायत गर्रापार में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी जी रामजी योजना का का औपचारिक शुभारंभ जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया।इस दौरान जनपद सीईओ होरीलाल साहू, बालमुकुंद कुंजाम, कुमारसाय साहू, अजय साहू मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने बताया कि योजना के तहत मजदूरों को पहले से अधिक दिन काम मिलेगा, साथ ही मजदूरी दर भी अधिक मिलेगी। माँग करने पर कार्य नही मिलता है, तो भत्ता की पात्रता होगी। भुगतान में विलंब होने पर मुआवजा का प्रावधान किया है। कार्यक्रम को पीओ मनरेगा, सभापति कुमार साय साहू, सरपंच ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भुजबल पोर्ते, भगवत कस्तूरी, अजय कुमार, शत्रुराम धावड़े सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

### एसपी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं




**गंडई पंडरिया।** गंडई थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा शामिल हुए। इस दौरान एसपी ने नागरिकों से संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एसपी ने उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिए।कार्यक्रम के आरंभ में थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने कानून की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों को अपराधों से सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या अपराध होने पर पुलिस की सहायता लेने कहा। थाना दिवस के दौरान अनेक नागरिकों ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, अनिल अग्रवाल और जीवन दास रात्रे सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने तिरंगा चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या और गांवों में विवादों व आपसी लड़ाई की ओर ध्यान आकर्षित किया। एसपी लक्ष्य शर्मा ने समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

### कई किस्मों के पौधे लगाए गए

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा द्वारा द्वितीय चरण का वृक्षारोपण संस्था के सलाहकार प्रेमनारायण साहू व संस्था की संरक्षक भारती साहू के सुपुत्र किंशुक के जन्मदिन पर ग्राम गिधवा (घुमका) के मां कर्मा भवन और राव समाज के मुक्तिधाम परिसर में नीम, बरगद, गुलमोहर, बादाम और कदम के पौधे लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

# पांडुका में 202 बोरी संदिग्ध डीएपी खाद गोदाम से जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन और उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी के मार्गदर्शन में खरीफ मौसम के दौरान उर्वरक, बीज व कीटनाशक विक्रय केंद्रों के साथ-साथ अवैध भंडारण और नकली उर्वरकों के विरुद्ध कृषि विभाग द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम ने पांडुका में बड़ी कार्रवाई करते हुए 202 बोरी संदिग्ध डीएपी खाद जब्त की है। जानकारी अनुसार विकासखंड के पांडुका निवासी राजेश वर्मा के गोदाम से महाराष्ट्र निर्मित 202 बोरी खाद बरामद की गई, जिस पर डीएपी अंकित था। विभाग को सूचना मिली थी कि उक्त खाद किसानों को 19 सौ रुपये प्रति बोरी की दर से बेची जा रही है। सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।



### आवश्यक दस्तावेज के अभाव में कार्रवाई

प्रारंभिक जांच के दौरान राजेश वर्मा द्वारा उक्त खाद को मनोज वर्मा का बताया गया किंतु खाद की खरीदी और भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। दस्तावेजों के अभाव में कृषि विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संपूर्ण स्टॉक को जब्त कर प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत व पंजीकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक, बीज और अन्य कृषि आदान सामग्री खरीदकर पक्का बिल प्राप्त करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पंजीकृत विक्रेताओं के साथ-साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा कालाबाजारी, मुनाफाखोरी, अवैध भंडारण अथवा नकली खाद से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर किसानों के हितों की रक्षा की जा सकें। इस दौरान सहायक संचालक कृषि लुकमान साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लखेश्वर तिवारी, देवेंद्र वर्मा, अश्विन पटौती सहित अन्य उपस्थित थे।

# युगांतर स्कूल के प्राइमरी के बच्चों ने धूमधाम से मनाया फादर्स-डे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने अपने फादर के साथ फायरलेस कुकिंग विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया की उपस्थिति में करके फादर्स-डे मनाया। बच्चों ने अपने फादर के लिए यह भाव व्यक्त किए कि पिता रोटी, कपड़ा और मकान है, पिता नन्हें से परिंदे का बड़ा आसमान है।

उन्होंने अपने फादर के साथ गैस चूल्हे की सहायता के बिना स्वादिष्ट व्यंजनों का निर्माण कर सबका मन मोह लिया। बच्चों के फादर ने भी अपनी शानदार पाक-कला का प्रदर्शन कर सबका दिल जीत लिया। प्रायः घर में मदर्स के द्वारा पाक कला की जाती है और वह स्वादिष्ट व्यंजन बनाती है।

विद्यालय में इस तरह फादर्स को पाक कला करते देखकर सभी आश्चर्य और खुशी से आल्हादित हो गए। फादर्स ने भी मदर्स की तरह स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। इस गतिविधि में बड़ी संख्या में पालकों ने सहभागिता दर्ज की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### थीम के अनुसार व्यंजनों का निर्माण

यह आकर्षक गतिविधि विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी, विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों और उनके फादर के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे अपने फादर के साथ विविध कैटेगरी थिम्स के अनुसार व्यंजनों का निर्माण किया। कैटेगरी 1 की थीम सैंडविच और रोल्स, कैटेगरी 2 की थीम फ्रुट क्रिएशन, कैटेगरी 3 की थीम सलाद और हेल्दी बाउल्स, कैटेगरी 4 की थीम चाट्स और स्नैक्स, कैटेगरी 5 की थीम डेजर्ट और स्वीट डिलाइट्स रखी गई थी। प्रतियोगिता के निर्णायिका डॉ. रिम्षा अग्रवाल, डॉ. सुगंध गांधी, लीमोना सारडा रही। इस दौरान बच्चों और उनके फादर को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता पर विद्यालय की प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।

# आकाशीय बिजली से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में वर्षाकाल में आकाशीय बिजली गिरने की अत्यधिक संभावनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आमजनों से सतर्कता बरतने व सुरक्षा संबंधी उपायों का पालन करने की अपील की गई है।

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने कहा कि आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है, जिससे थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर जनहानि और गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। मौसम खराब होने, बादल गरजने या बिजली चमकने की स्थिति में नागरिकों को खुले मैदान, खेत, पहाड़ी, जलाशय, पेड़ के नीचे व ऊँचे स्थानों पर रुकने से बचना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत किसी पक्के भवन अथवा बंद चारपहिया वाहन में सुरक्षित आश्रय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली कड़कने के दौरान नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्त्रोतों से दूर रहें। धातु के कृषि उपकरण, लोहे की रॉड, तार अथवा अन्य धातु की वस्तुओं के साथ खुले स्थान पर ना रहें। साथ ही मौसम विभाग व जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें।

### लेटने से बचे, झुक कर रहे

सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति खुले में फंस जाए तो जमीन पर पूरी तरह लेटने के बजाय दोनों पैरों को साथ रखकर नीचे झुक जाए, सिर नीचे रखकर अन्य लोगों से कुछ दूरी बनाए रखें। इससे आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में जोखिम कम किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति पर आकाशीय बिजली गिर जाए तो घबराएं नहीं। प्रभावित व्यक्ति को छूना पूरी तरह सुरक्षित होता है। उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाए, 108 एंबुलेंस सेवा अथवा निकटतम स्वास्थ्य संस्थान से तुरंत संपर्क कर तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाएं। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा हो अथवा नाड़ी नहीं चल रही हो तो प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा सीपीआर प्रारंभ किया जा सकता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षाकाल के दौरान स्वयं सुरक्षित रहें, अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों की जानकारी दें और मौसम संबंधी चेतावनियों का गंभीरता से पालन करें।

# बाईपास की मांग को लेकर पूर्व सीएम से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ शहर में लंबे समय से लंबित बाईपास निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। यह प्रतिनिधि मंडल डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं कांग्रेस नेता नवाज खान के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने डोंगरगढ़ शहर की यातायात संबंधी समस्याओं, लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों तथा प्रस्तावित परिक्रमा पथ के स्थान पर बाईपास निर्माण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य सरकार द्वारा लगभग 55 करोड़ रुपए की लागत से डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ निर्माण की योजना बनाई जा रही है। जबकि स्थानीय नागरिक लंबे समय से शहर के लिए बाईपास की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नवाज खान ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में परिक्रमा पथ की अपेक्षा बाईपास का निर्माण अधिक जनहितकारी होगा। परिक्रमा पथ परियोजना कुछ प्रभावशाली लोगों एवं भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से आगे बढ़ाई जा रही है। जबकि आम जनता की वास्तविक आवश्यकता को नजर अंदाज किया जा रहा है।विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होता है।

### पूर्व सीएम को कराया अवगत

कांग्रेस नेता नवाज खान ने पूर्व मुख्यमंत्री को चर्चा करते अवगत कराया कि डोंगरगढ़ प्रदेश की प्रमुख धार्मिक नगरी है, जहां मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि सहित वर्षभर लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्व और त्यौहारों के दौरान शहर में भारी वाहनों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग जाता है। इससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, मरीजों, स्कूली विद्यार्थियों तथा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव




**अंबागढ़ चौकी।** एंस्पायर डवलपमेंट अंग्रेजी मीडियम स्कूल में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शाला के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी मुख्य अतिथि तथा वार्ड पार्षद मुकेश सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के संचालक गजेन्द्र सिन्हा एवं प्राचार्य रफिया सहमानी ने दो वर्ष पूर्व संचालित हुए शाला की रिपोर्ट कार्ड एवं उपलब्धियों को पालको एवं बच्चों के सामने रखा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं शाला के उतरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने तथा उन्हें एक बेहतर इंसान बनाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षिका रश्मि चौरे, मीरा साहू, अंजली डोंगरे, तोमेश्वरी सिन्हा, किरण सिन्हा, आरती मंडावी, एफ. निषाद, अतिया रब्बानी सहित शिक्षक एवं कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में बच्चों के पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन प्राचार्य रफिया रहमानी ने किया।

# कबीर जयंती पर परिचर्चा व कवि गोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** साहित्यिक संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी के बैनर तले एवं युवा कवि सेवंत देशमुख के संयोजन में ग्राम अंजोरा नगपुरा में संत कबीर जयंती अवसर पर परिचर्चा एवं सरस कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ और संत कबीर विषय पर आयोजित परिचर्चा किया गया। मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग व अध्यक्षता कुबेर सिंह साहू वरिष्ठ साहित्यकार राजनांदगांव ने की। द्वितीय सत्र में सरस कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग अध्यक्ष प्रभात मिश्रा व अध्यक्षता डॉ. इकबाल खान अध्यक्ष वनांचल साहित्य समिति मोहला ने की। मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि संत कबीर एक महान समाज सुधारक एवं क्रांतिकारी कवि थे। अध्यक्षता करते कुबेर सिंह साहू ने कहा कि संत कबीर ने तत्कालीन समय में व्याप्त पाखंड एवं कुरीतियों पर जमकर प्रहार किया। विशिष्ट अतिथि अंजोरा सरपंच प्रेमिन सुमरन साहू, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, महेन्द्र कुमार बघेल, बलराम चंद्राकर, इंद्रजीत दादर, जितेन्द्र पटेल, सुशील यादव, रोशनलाल साहू उपस्थित थे। स्वागत भाषण सेवंत देशमुख एवं परिचर्चा में आधार वक्तव्य ओमप्रकाश साहू ने दिया। डोहर दास साहू ने राजकीय गीत प्रस्तुत किया। परिचर्चा का संचालन लखनलाल साहू एवं आभार व्यक्त सचिन निषाद ने किया। द्वितीय सत्र कवि गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रभात मिश्रा का साकेत साहित्य परिषद सुरगी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं पदाधिकारियों ने स्वागत किया। स्वागत भाषण देते ओमप्रकाश साहू और लखनलाल साहू ने संस्था की गतिविधियों, मासिक गोष्ठी एवं वार्षिक समारोह के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर साकेत साहित्य परिषद के पदाधिकारियों ने 27वां वार्षिक समारोह हेतु मांग पत्र सौंपा।

# दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित




**खैरागढ़।** मप्र के अमरकंटक में अखिल भारतीय तेली महासभा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ओबीसी संगम के दो दिवसीय अधिवेशन में पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए।

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में समाज प्रतिनिधियों सहित स्थानीय विधायक व सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक क्षेत्र की हस्तियाक की उपस्थिति में आयोजित अधिवेशन में पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू, ओबीसी महासभा प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, प्रो के मुरारी दास, एडवोकेट विष्णु बघेल, गौतमदास साहू, राजेन्द्र परगनिहा, पार्वती साहू ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग आज भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और उच्च प्रशासनिक सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

### अधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प

अधिवेशन में जातिगत जनगणना, आरक्षण की सुरक्षा, छात्रवृत्ति योजनाओं के विस्तार, छोटे व पारंपरिक व्यवसायों को बढ़ावा, युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण सहित सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा दौरान वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी समाज की एकता, राजनीतिक भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। समापन अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और ओबीसी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। अधिवेशन का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान साथ हुआ।

## जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ पर्यावरण के प्रति भी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वी जयंती वर्ष के अवसर पर एकता वृक्षारोपण (एकता वृक्ष अभियान) की थीम पर जुलाई माह के प्रथम गुरुवार को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ आमजनो को पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करने हेतु केसीजी पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण पहल किया गया।

जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में 2 जुलाई को थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला केसीजी के पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा की उपस्थिति में गंडई में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों पर खुली चर्चा हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी तारतम्य में नवीन कानून संहिता की विस्तृत चर्चा करते नवीन कानून की महत्ता पर विशेष बल दिया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती अवसर पर एकता वृक्षारोपण (एकता वृक्ष अभियान) पुलिस अधीक्षक एवं आमजनों द्वारा थाना परिसर में किया गया।

### समस्याओं का निराकरण

थाना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम द्वारा थाना ठेलकाडीह एवं ओपी जालबांधा में, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना मोहगांव में, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप ऐरेवार द्वारा थाना गातापार में, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक ममता अली शर्मा द्वारा थाना बकरकट्टा एवं साल्हेवारा में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ आशारानी द्वारा थाना खैरागढ़ में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गंडई मानकराम कश्यप द्वारा थाना छुईखदान में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही आमजनों के बीच उपस्थित होकर एकता का परिचय देते वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित नागरिकों को साइबर फ्रॉड, नवीन आपराधिक कानून, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।



### चक्षु पोर्टल के प्रति किया जागरूक

आवारा मवेशियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को भी मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने की समझाइश दी गई। आमजन को यह भी बताया गया कि साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा **cybercrime.gov.in** पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त संदिग्ध कॉल एवं साइबर ठगी के प्रयासों की जानकारी "चक्षु" पोर्टल पर दर्ज कराने हेतु भी जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की आपातकालीन सहायता हेतु डायल 112 सेवा के माध्यम से त्वरित मदद उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के आमजन, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों, कोटवारों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।



## सार समाचार

### साहित्यकार ठाकुर के नाम पर पुरस्कार होगा स्थापित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा संस्कारधानी के वरिष्ठ साहित्यकार स्व. इंदुभूषण ठाकुर की 100वीं जन्म शताब्दी वर्ष साहित्यिक समारोह आयोजन के साथ मनाया गया। नगर निगम के महंत राजा बलराम दास सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन ने साहित्यकार इंदुभूषण ठाकुर को कृतज्ञतापूर्वक याद किया। साहित्य समिति की मांग पर कहा कि जिस तरह संस्कारधानी नगरी के साहित्य त्रिवेणी पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव मुक्तिबोध, बल्देव प्रसाद मिश्र सहित नंदूलाल चोटिया, कुंजबिहारी चौबे के नाम पर निगम द्वारा पुरस्कार स्थापित है, इसमें एक नाम साहित्यकार इंदुभूषण ठाकुर का और जुड़ जाएगा। अब इन पुरस्कार श्रृंखला की निरंतरता बनी रहेगी। आयोजन में आधार वक्तव्य सुयश इंदुभूषण ठाकुर ने दिया। वहीं कवि शत्रुघन सिंह राजपूत ने स्व. ठाकुर की पांच कविताओं के सस्वर वाचन किया। कवि प्रभात तिवारी ने ठाकुर के कविताओ की गहराई और प्रगतिशीलता पर चर्चा की। समिति के संरक्षक आत्माराम कोशा ने ठाकुर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते उन्हें निष्कपट प्रेम व अध्यात्म का कवि बताया। राजेश गुप्ता अग्रहरि, समाजसेवी शारदा तिवारी व साधना तिवारी समेत अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा वरिष्ठ कथाकार सुभदा मिश्र , प्रजापति ब्रह्मा कुमारी पुष्पा बहन व महेंद्र ठाकुर का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

### अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अभिभावकों और शिक्षकों की साझा जिम्मेदारी है। नियमित संवाद से हम विद्यार्थियों को बेहतर समझ सकते हैं और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दे सकते हैं।" उन्होंने महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं सतत मूल्यांकन प्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। पीटीएम प्रभारी ने बैठक के उद्देश्य एवं स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सहभागिता पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि पीटीएम के माध्यम से हम अभिभावकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना चाहते हैं। जिससे विद्यार्थियों की क्षमताओं और कमजोरियों को समझकर उनके समुचित विकास हेतु कार्य किया जा सके। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जहां अभिभावकों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक एक सशक्त शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### चैपाटी पुष्पवाटिका का संधारण, लक्ष्मण झूला पुनः चालू



**राजनांदगांव।** उद्यानों का मरम्मत कर उनका संधारण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरू उद्यान, आरके नगर उद्यान, चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का मरम्मत कर वहां आवश्यक खेल उपकरण झूला आदि नया लगाया गया है। इसके अलावा लक्ष्मण झूला का मरम्मत कर पुनः चालू किया गया है। उद्यान संधारण के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के कई उद्यान पुरानी होने के कारण जीर्णशीर्ण स्थिति में आ गई थी। उक्त उद्यानों का महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम द्वारा मरम्मत किया जा रहा है। शीतला मंदिर समीप स्थित नेहरू उद्यान, आरके नगर के उद्यान के अलावा चैपाटी व पुष्पवाटिका का मरम्मत संधारण किया गया है, शेष उद्यानों को भी प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत किया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि महापौर द्वारा इस वित्तीय वर्ष के बजट में उद्यानों के संरक्षण संवर्धन का प्रावधान रखा गया है। जिसके क्रियान्वयन के लिए विभागीय प्रक्रिया की जा रही है, ताकि उद्यानो को दुरूस्त कर नागरिकों के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि नागरीकगण दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए आनंद उठा सकते हैं।

### स्कूल वाहन चालकों को किया जागरूक



**राजनांदगांव।** स्कूल वाहन चालकों को यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियमों की जानकारी दी एवं कई विषयों पर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस जिला राजनांदगांव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर में संचालित स्कूल बस, टेंपो, ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के लिए विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुरुनानक स्कूल, वेसलियन स्कूल, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, बाल भारती स्कूल बल्देवबाग, गुजराती स्कूल, गायत्री स्कूल, संस्कार सिटी स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल, वाइडनर स्कूल एवं सरस्वती विद्या मंदिर में संचालित स्कूल वाहनों के चालकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित परिवहन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## निधन



### रानी चौरसिया

**राजनांदगांव।** गुड़ाखू लाइन के प्रतिष्ठित बर्तन व्यवसायी गोपाल-विनोद चौरसिया की मातुश्री रानी चौरसिया (85 वर्ष) का 2 जुलाई को निधन हो गया। गुड़ाखू लाइन स्थित जिन निवास से श्रीमती चौरसिया की अंतिम यात्रा कल 3 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी। श्रीमती चौरसिया किशोर-मुकेश चौरसिया की चाची एवं सीए विकास चौरसिया की दादी थी।

# बिजली कटौती पर मेयर सख्त, दिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव अपने कक्ष में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में विद्युत मण्डल के अधिकारियों की बैठक लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत अवरोध के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड की विद्युत व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के संबध में चर्चा की।

बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू एवं लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर श्री यादव ने अधिकारियों से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर विद्युत प्रवाह में हो रहे अवरोध के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बसंतपुर क्षेत्र में गत दिनों विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिससे लोग आक्रोशित हुए तथा विद्युत मण्डल के अधिकारियों द्वारा समय में उपस्थित नहीं होने, जल्द सुधार नहीं करने की भी शिकायत प्राप्त होती है, इस प्रकार की घटना न हो, इसका विशेष ध्यान रखें और व्यवस्था दुरूस्त करें।

### सीमित कर्मी होने से दिक्कतें

कार्यपालन अभियंता शैलेन्द्र पाण्डे ने जानकादी दी कि खराब मौसम के कारण विद्युत अवरोध की घटना होती है। सभी क्षेत्रों में एक साथ अवरोध होने के कारण सुधार में परेशानी होती है ,क्योंकि कर्मचारियों की कमी है, 20-22 फिटर में सीमित कर्मचारियों से काम लेना पड़ता है। कर्मचारी लगातार सेवानिवृत हो रहे हैं और भर्ती नहीं हो पा रही है। इसके अलावा संविदा कर्मचारी हडताल पर चले गए हैं। जिससे विद्युत गैंग की कमी हो रही है। इसी प्रकार पुराने लाईनों के कारण आंधी-तूफान में परेशानी आती है। एक साथ कई फीडर से कम्पलेन आता है, एक सुधार करने और दूसरे तक पहुंचने में समय लगता है। शासन से गैंग बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया है।



### अनुपयोगी मीटर करें बंद

आयुक्त ने कहा कि निजी भवन या संस्था द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पर रोड़ में न लगाएं, ताकि यातायात बाधित न हो या अन्य किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रांसफार्मर लगाने की जानकारी निगम को आवश्य दें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के अनुपयोगी मीटर बंद करने भी प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर कार्रवाई कर बंद किया जाए तथा कुछ विद्युत पोल जर्जर हो गए हैं, उसे भी बदलने की कार्रवाई की जाए, ताकि बरसात में दुर्घटना न हो।

### केबल और ट्रांसफार्मर दुरूस्त करें

महापौर श्री यादव ने कहा कि पुराने कनेक्शन चेंज करें, केबल एवं ट्रांसफार्मर आदि दुरूस्त करें, शासन स्तर पर लंबित प्रस्ताव की कापी उपलब्ध कराएं, जिस पर बात की जा सके। इसके अलावा बारिश के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करें। उन्होंने शहर के कई क्षेत्रों में दिन में भी लाईट जलने की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषणा के काम को प्राथमिकता देने तथा सुशासन तिहार में विद्युत संबंधी समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए।

## विकसित भारत रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ

# जी राम जी से विकास में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण के शुभारंभ अवसर पर आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने विधानसभा निवास कार्यालय से तथा जिला पंचायत सभाकक्ष से सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े।

सांसद पांडे ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा गरीब परिवारों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत रोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया है तथा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास, भूमि सुधार, ग्रामीण सड़क निर्माण एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना में रोजगार की अवधि बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से ग्रामीण मजदूरों को अतिरिक्त रोजगार मिलेगा तथा गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण और किसान हितैषी संकल्प को यह योजना और अधिक प्रभावी बनाएगी। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### 125 दिन मिलेगा रोजगार

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण योजना में रोजगार की अवधि 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से श्रमिक परिवारों को अतिरिक्त रोजगार और आय का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना का दायरा बढ़ाते जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण आवश्यकताओं पर आधारित निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना का विशेष फोकस ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर है। जिले में एक लाख 30 हजार से अधिक महिला स्वसहायता समूह सदस्य सक्रिय हैं और उनकी भागीदारी से योजना के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा पलायन रोकने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### विकास को मिलेगी गति : किरण

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ-साथ आजीविका, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा आधारभूत अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिवस का रोजगार मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिवस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, नहर, जल संरक्षण सहित विभिन्न विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों का पलायन कम होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



**राजनांदगांव।** भाजयुमो दक्षिण मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभारी संचालन एवं पं. दीनदयाल महाप्रशिक्षण अभियान अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षित करना था।

कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, सेवा, समर्पण एवं सक्रिय जनसंपर्क के साथ कार्य करने प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्रदान करने वरिष्ठ मार्गदर्शक शैंकी बग्गा ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी संचालन, सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग तथा संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

डीएलपी प्रभारी उज्वल कसेर ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। युवा मोर्चा के जिला मंत्री कमलेश प्रजापति तथा जिला प्रशिक्षण प्रमुख अविरल मिश्रा की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को संगठन के विस्तार एवं जनसेवा के कार्यों में प्रभावी रूप से उपयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हिमांशु सोनवानी, आशीष सोरी, हरीश सोनवानी, रोहित सिन्हा, जैकी सोनकर, अमितेश झा, अमन सिन्हा, पीयूष लुनिया, दीपक सिन्हा, हर्षवर्धन शर्मा, सोनू यादव, जोगेंद्र देवांगन, भावेश दुबे, प्रिंस राजपूत, अभिषेक सोरी, सत्यम जायसवाल, विक्की पंचोली, विवेक ताम्रकार, लक्ष्य सिन्हा शामिल हुए।

# सट्टा खिलाते दो पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने सट्टा खिलाने के दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बंगाली चाल स्थित सोनू पान ठेला के पास दो व्यक्ति रुपए का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी मनीष यादव उर्फ सोनू 32 वर्ष व रविन्द्र कुमार साहू उर्फ जड्डू 24 वर्ष निवासी बंगाली चाल को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया।

### नगदी व सट्टा-पट्टी जब्त

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 3700 रुपए नगद, 2 सट्टा-पट्टी, 2 डॉट पेन एवं 1 वीवो मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया। इस संबंध में थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत विधिवत कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं थाना स्टाफ के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

### नाबालिग से कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रिश्तेदार को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी-प्रार्थिया ने 1 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी दामाद तुषार त्यागी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ 22 अप्रैल 2025 को शाम करीबन 5 बजे घर अंदर बेड में जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया और जान से मारने की धमकी दिया है। पीड़िता नाबालिग को आरोपी तुषार त्यागी द्वारा 28 फरवरी को बस से बिठाकर अपने साथ बिना अनुमति के दिल्ली ले जाकर 1 मार्च से 30 मार्च तक कई बार उसके साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। पीड़िता नाबालिग का अश्लील फोटो एवं वीड़ियो को सोशल मीडिया में में वायरल कर दिया है, जिस पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# ओवर रेट में शराब बिक्री का मामला दर्ज, टीम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आबकारी आयुक्त पीएस एल्मा ने उचित दर पर शराब विक्रय किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी ओवर रेट में शराब बिक्री की शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर हकीकत की पड़ताल करने आबकारी विभाग की टीम ने शहर के शराब दुकानों में ग्राहक भेजकर शराब की खरीदी करवाई, जहां ओवर रेट में शराब बेचा जाना प्रमाणित हुआ।

आबकारी उपायुक्त संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग की टीम द्वारा आज जिले में शराब बिक्री दरों की जांच करने औचक निरीक्षण किया गया, जहां कंपोजिट शराब दुकान रेवाडीह में एक ग्राहक को भेजकर 120 रुपए कीमत के 20 पौवा व्हिस्की की खरीदी कराई गई। जिसमें विक्रेता हरीश साहू द्वारा 20 पाव व्हिस्की ग्राहक को 2500 रुपए में दिया गया, जो शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 2400 रुपए से 100 रुपए अधिक दर में विक्रय किया जाना पाया गया।


इसी तरह उड़नदस्ता की टीम द्वारा मंडी बाईपास लखोली रोड की कंपोजिट शराब दुकान में भी एक ग्राहक भेजकर 20 पाव स्पेशल व्हिस्की की खरीदी कराई गई। जिसमें प्रत्येक की कीमत 120 रुपए थी, लेकिन विक्रयकर्ता शुभम कुमार द्वारा 20 पाव के लिए 2400 रुपए की बजाए 2500 रुपए लिए गए। टीम ने यहां भी ओवर रेट में शराब बेचना पाया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते विक्रेता हरीश साहू और शुभम कुमार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 39(ग) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की बातें हुई सच : कुलबीर



**राजनांदगांव।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले को लेकर श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला संरक्षक कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तरप्रदेश की योगी सरकार मामले में केवल छोटे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। जबकि बड़े लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि कानून मकड़ी के जाल की तरह है, दान चोरी में छोटे से लेकर बड़ा तक शामिल हर व्यक्ति नरेन्द्र मोदी के इशारे पर ट्रस्टी एवं काम करने वाला रहा है, जिन्होंने दान अपने भावनाओं से दिए उनकी आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले नरेन्द्र मोदी हैं, जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण से लेकर वर्तमान तक आए पैसे, सामग्रियां के हिसाब-किताब अपने लोगों को नरेन्द्र मोदी ने बैठाकर रखा था। श्री छाबड़ा ने पूज्यपाद स्वामी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के पूर्व में दिए गए बयानों का उल्लेख करते कहा कि उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट पर सवाल उठाए थे। शंकराचार्य ने कहा था कि राम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने से पहले उसका लोकार्पण नहीं किया जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी दावा किया कि मंदिर ट्रस्ट में भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों को ट्रस्टी बनाए जाने के बाद से चंदे में कथित अनियमितताओं की शुरूआत हुई। मामले में सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने केवल छोटे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जबकि कथित रूप से बड़े नामों को बचाया गया है। अयोध्या के कुछ संत और महंत भी इस मामले की जांच से संतुष्ट नहीं है और उनका मानना है कि वास्तविक दोषियों तक अभी कार्रवाई नहीं पहुंची है।




## बच्चों को शिक्षा के प्रति किया गया प्रेरित

# विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया




शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम विकास समिति गैंदाटोला द्वारा 1 जुलाई को शा.प्रा. शाला गैंदाटोला में अध्ययनरत कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई। विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, पेंसिल तथा पहाड़े की पुस्तकें प्रदान की गई।

ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों की शिक्षा ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने से न केवल उनकी पढ़ाई में सुविधा होगी, बल्कि उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने की भी प्रेरणा मिलेगी। समिति का उद्देश्य विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।

इस अवसर पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव खलील अहमद कुरैशी, कोषाध्यक्ष धनेश्वर गुप्ता, नरेंद्र मानिकपुरी, सरपंच उषा कमलनारायण गुप्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, प्राचार्य व्हीके मंडलोई, प्रकाश शर्मा, राजिल कुरैशी, मनोज कोचे, खेमन देवांगन, अरूण सेन, गोविंद योगी, भूपेन्द्र देवांगन, टीआर पांद्रे, अविनाश मानिकपुरी, कृष्णा सोनी, छोटेलाल निषाद, अजय साहू, शिव निषाद, दुष्यंत कंवर, पन्नालाल देवांगन, ज्ञान विश्वकर्मा, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बुनियादी दक्षताएं बच्चों के लिए आवश्यक

कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षकों एवं समिति सदस्यों ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा जीवन की आधारशिला होती है। विद्यालय बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का विकास करता है। पढ़ना-लिखना एवं अंकगणित जैसी बुनियादी दक्षताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते ग्राम विकास समिति का आभार जताया। ग्रामीणों ने भी समिति की इस सामाजिक एवं शैक्षणिक पहल की सराहना करते भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।



### उपमुख्यमंत्री ने गंडईखुर्द में प्रदेश के पहले विकास कार्य शेड निर्माण प्रस्ताव को दी स्वीकृति

# जिले के गंडई-खुर्द से वीबी जी-राम-जी योजना का हुआ राज्य स्तरीय शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्रामीण परिवारों को रोजगार और आजीविका की नई गारंटी देने वाली विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी-राम-जी योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ गुरूवार को जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गंडई-खुर्द से किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति से किया।

इस दौरान वे वर्चुअल माध्यम से ग्राम पंचायत गंडई-खुर्द में आयोजित राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह से भी जुड़े रहे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी-राम-जी योजना लागू हो रही है। इस योजना का उद्देश्य है कि देश का कोई भी गरीब काम के अभाव में बेरोजगार न रहे।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना से जहां ग्रामीण मजदूरों को 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, वहीं गांवों में विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी। श्री चौहान ने कहा कि मजदूरों के पसीने का सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गरीबों की सेवा ही हमारे लिए भगवान की सेवा है।

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन वीबी जी-राम-जी योजना का शुभारंभ हो रहा है और छत्तीसगढ़ में इसका राज्य स्तरीय शुभारंभ ग्राम पंचायत गंडईखुर्द से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में योजना के तहत पहले कार्य के रूप में ग्राम पंचायत गंडईखुर्द में शेड निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

उन्होंने कहा कि यह केवल रोजगार उपलब्ध कराने की योजना नहीं, बल्कि विकसित गांव से विकसित भारत के निर्माण का अभियान है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक गांव और पंचायत का समग्र विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 3,300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे और रोजगार की






कोई कमी नहीं रहेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि योजना के तहत 318 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है। इनमें जल संरक्षण से जुड़े 107, ग्रामीण अधोसंरचना के 90, आजीविका संवर्धन के 86 तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित 35 प्रकार के कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब जॉब कार्ड के स्थान पर जीआरजी कार्ड जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जॉब कार्ड में केवाईसी कराने में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्यों में है।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत डबरी, चेकडैम, बोल्डर चेकडैम, रिचार्ज पिट, वर्षा जल संचयन, नहर लाइनिंग, ग्रामीण सड़क, धरसा, मुरमीकरण जैसे कार्य कर जल स्तर बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रत्येक पंचायत को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर अटल डिजिटल सेवा केंद्र, मुक्तिधाम में शेड, ग्रामीण अधोसंरचना सहित प्राथमिकता वाले कार्य शुरू करने होंगे।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है और सभी लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीबी जी-राम-जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी है। इस योजना के तहत मनरेगा में अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार मिलेगा तथा अकुशल श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 261 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 318 प्रकार के कार्यों को शामिल किया गया है, जिनमें जन संरक्षण और विभिन्न निर्माण कार्य भी किए जा सकेंगे। श्रीमती बोहरा ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब हर गांव और हर पंचायत का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हुई बारिश किसानों के लिए शुभ संकेत और प्रकृति का आर्शीवाद है। योजना की सफलता के लिए इसकी जानकारी और प्रभावी क्रियान्वयन को प्रत्येक पंचायत तक पहुंचाना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रदेश के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थें।

#### ग्रामीण विकास को नई दिशा देगी वीबी जी-राम-जी योजनाः श्री शर्मा

*उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने वीबी जी-राम-जी योजना के तहत प्रदेश के पहले विकास कार्य के रूप में ग्राम पंचायत गंडईखुर्द में शेड निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि योजना की शुरुआत विकास कार्यों के साथ हो रही है। इस स्वीकृति के साथ ही गंडईखुर्द वीबी जी-राम-जी योजना के अंतर्गत प्रदेश की पहली ग्राम पंचायत बन गईए जहां विकास कार्य का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसी प्रकार प्रत्येक पंचायत की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।*

#### मानव श्रृंखला बनाकर दिया वीबी जी-राम-जी योजना का संदेश

*कार्यक्रम के दौरान वीबी जी-राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से स्व-सहायता समूह की महिलाओं, युवाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर योजना का संदेश दिया। इस दौरान सभी ने ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं इसमें जनभागीदारी के महत्व से भी अवगत कराया गया।*

#### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वृहद स्तर पर हुआ पौधरोपण

*पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गंडईखुर्द में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।*



# सीता-रसोई पहुंची विधायक जरूरतमंदो को परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सुलभ और किफायती भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सीता-रसोई सेवा केंद्र में गुरुवार को विधायक भावना बोहरा पहुंचीं।

उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं और शिक्षकों के साथ सीता-रसोई में जरूरतमंदों को भोजन परोसा तथा स्वयं भी भोजन ग्रहण किया। मिली जानकारी के अनुसार मानव सेवा समिति के सहयोग से विधायक भावना बोहरा के विशेष प्रयासों से करीब आठ माह पूर्व सीता-रसोई का शुभारंभ किया गया था। यहां प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को मात्र 30 रूपए में स्वच्छ, शुद्ध एवं भरपेट शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 28,361 लोग इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। विधायक बोहरा ने भोजन की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने समिति के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए इस सेवा कार्य के निरंतर संचालन में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, सीता रसोई संचालन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश जैन, चन्द्रकुमार सोनी, कल्याण सिंह, मीनू अग्रवाल, सत्येन्द्र चौहान, दिलीप जैन, टीकमचंद, नगर पालिका अध्यक्ष मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थें।

#### सहयोग राशि देकर सेवा अभियान में योगदान दे रहे

समिति ने बताया कि सीता रसोई का लाभ ग्रामीणों के अलावा स्थानीय दुकानों के कर्मचारी, श्रमिक तथा प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कार्यों से आने वाले लोग भी उठा रहे हैं। नगर में इस सेवा कार्य की सराहना की जा रही है साथ ही कई लोग जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं परिजनों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर सहयोग राशि देकर इस सेवा अभियान में योगदान दे रहे हैं। संचालन समिति ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगे भी जनसहयोग की अपील की।

## कुण्डा-दुल्लापुर दौरे पर भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने विगत दिनों जिले के कुण्डा एवं दुल्लापुर मंडल का दौरा किया। उन्होंने पदाधिकारियों व बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को मजबूत बनाने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बाद में गौरकापा स्थित शनिदेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### हेमचंद विवि ने की परीक्षा परिणाम की घोषणा

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। जारी परिणामों के अनुसार बीसीए भाग-प्रथम का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि बीसीए भाग-द्वितीय का परिणाम 72.50 प्रतिशत और भाग-तृतीय का 87.01 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं एमए (अर्थशास्त्र) पूर्व का परिणाम 71.01 प्रतिशत तथा एमए (अर्थशास्त्र) अंतिम का परिणाम 75.58 प्रतिशत रहा।

# गरीबों की आह भाजपा सरकार को भारी पड़ेगीः अकबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रायपुर जिले के ग्राम पंचायत नकटी में गरीब परिवारों के मकानों पर चली बुलडोजर कार्रवाई



को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह कार्रवाई प्रशासनिक नहीं, बल्कि गरीब विरोधी मानसिकता का खुला प्रदर्शन है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समक्ष भी यह मामला आया था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबों की बस्ती उजाड़कर विधायकों का आवास बनाने से मना कर दिया था। भूपेश सरकार में आवास एवं पर्यावरण मंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने यह खुलासा किया कि भूपेश सरकार में यह मामला सामने आने के बाद चर्चा हुई थी, लेकिन तब उन्होंने दो टूक इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के दायरे में ग्राम नकटी समेत 41 गांव हैं।

चर्चा के दौरान मो. अकबर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में यह विभाग मेरे पास था। वर्तमान में मंत्री ओपी चौधरी के पास यह विभाग है। कांग्रेस शासन में भी ग्राम नकटी के इस बस्ती की जानकारी आई थी। उस दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्ती को उजाड़ने से मना कर दिया था। अकबर के मुताबिक नवा रायपुर क्षेत्र में 50 से अधिक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां विधायकों के लिए कॉलोनी बन सकती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि ग्राम का नाम नकटी है इसे याद रखिए, समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता।

आज सत्ता के घमंड में गरीबों के आशियाने उजाड़े जा रहे हैं, लेकिन कल जनता इसी घमंड को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। किसी गरीब की आह कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने कहा कि बरसात के बीच तड़के बिजली काटकर बुलडोजर चलाना किसी संवेदनशील सरकार का काम नहीं हो सकता। जिन परिवारों ने जीवनभर की कमाई, जमीन बेचकर और कर्ज लेकर अपने सपनों का घर बनाया था, उन्हें एक झटके में मलबे में बदल दिया गया। मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के सिर से छत छीन लेना भाजपा सरकार के तथाकथित सुशासन की असली तस्वीर है।

## मुक्तिधाम जाने का सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध, ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग



**कोलेगांव।** कुण्डा तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोयलारी कला में मुक्तिधाम जाने वाले सार्वजनिक मार्ग के कथित रूप से अवरुद्ध हो जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उपयोग में आने वाला यह मार्ग अब बंद कर दिए जाने के कारण अंतिम संस्कार जैसे अत्यंत आवश्यक एवं संवेदनशील कार्यों में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर सार्वजनिक मार्ग को बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम के मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए जिस रास्ते का उपयोग लंबे समय से किया जा रहा था, उस पर कथित रूप से येकल सिंह द्वारा अवरोध एवं अतिक्रमण कर दिया गया है। इससे न केवल अंतिम यात्रा निकालने में कठिनाई हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में भी चिंता और असंतोष का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए यह मार्ग वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रहा है और ग्रामवासियों की दैनिक आवश्यकताओं तथा सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में जिला कलेक्टर सहित संबंधित विभागों और अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन एवं शिकायतें दी जा चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक मार्ग को पुनः चालू कराने अथवा विवाद का स्थायी समाधान निकालने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह केवल रास्ते का विवाद नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और जनहित से जुड़ा विषय है। किसी भी व्यक्ति के निधन के बाद अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तक सम्मानपूर्वक पहुंचना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। ऐसे में यदि सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध रहता है तो इससे पूरे गांव को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच कराई जाए। यदि जांच में यह मार्ग सार्वजनिक पाया जाता है, तो तत्काल अतिक्रमण हटाकर रास्ते को आमजन के लिए पुनः खोलने की कार्रवाई की जाए।

# मोर अंगना के शोर का भव्य विमोचन साहित्यकार शिवकुमार बंजारे सम्मानित

- गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज मोर अंगना के शोर बाल काव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

राजधानी रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में साझा बाल काव्य संग्रह मोर अंगना के शोर का भव्य विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ गीतादेवी तथा राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के शारदा उपस्थित रहीं। चिन्हारी साहित्य समिति, छत्तीसगढ़ एवं साहित्य लेखन रिसोर्स शिक्षक परिवार के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाशित इस साझा बाल काव्य संग्रह को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी स्थान प्राप्त हुआ है। इस पुस्तक में कबीरधाम जिले के पण्डरिया विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला केशलीगोड़ान के साहित्यकार



शिवकुमार बंजारे प्रधान पाठक की रचनाएं पेड़ लगाबोन तथा चंदा मामा छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में बाल कविताएं प्रथम पंक्ति में प्रकाशित हुई हैं। विमोचन समारोह में शिवकुमार बंजारे को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। बालवाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार की गई इस पुस्तक की विशेषता यह है कि रचना के साथ क्यूआर कोड दिया गया है। इसे स्कैन कर बच्चे संबंधित रचनाकार की आवाज में कविता सुन सकते हैं। यह डिजिटल नवाचार दृष्टिबाधित बच्चों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। संपादक वीरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि लगभग छः माह के सतत प्रयास से तैयार इस पुस्तक में हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के 20 विषयों पर आधारित बाल कविताएं शामिल है। पुस्तक का निर्माण एफएलएन, नई शिक्षा नीति-2020 तथा समावेशी शिक्षा के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। समारोह में उपस्थित अतिथियों, साहित्यकारों एवं शिक्षकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे बाल साहित्य, मातृभाषा संवर्धन और शैक्षिक नवाचार की दिशा में एक प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक पहल बताया।

### उत्कृष्ट व्यावसायिक सेवाओं व समाज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित

# लायंस क्लब ने डॉक्टर व सीए का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा सीए डे एवं डॉक्टर्स डे के अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों को उनकी उत्कृष्ट व्यावसायिक सेवाओं एवं समाज के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब के अध्यक्ष कुण्डा निवासी हरदीप सिंह सलूजा ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं चिकित्सक मानव सेवा के माध्यम से समाज को स्वस्थ रखने का दायित्व निभाते हैं। ऐसे सेवा भावी एवं समर्पित व्यक्तित्वों का सम्मान करना लायंस क्लब का सौभाग्य है।

इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट में लायन सीए एसएस अग्रवाल, विनोद मित्तल, दिनेश अग्रवाल, जीएल जैन, गोविंद माधव गुप्ता, अजय पांडेय, रौनक अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सीए प्रतीक मित्तल, गौरव माधव गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, गौरव मित्तल, अतुल सोन एवं सीए नीरज रावलानी शामिल थें । इसी प्रकार चिकित्सकों में लायन डॉ आरके खेत्रपाल, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ प्रदीप शुक्ला, डॉ राजेश दुबे, डॉ दीप्ति पांडेय, डॉ आरती पांडेय, डॉ शिरीष मिश्रा, डॉ आशीष पुरोहित, डॉ प्रीना शुक्ला, डॉ हरेंद्र शुक्ला, डॉ अनिल जैसवानी, डॉ प्रतीक खेत्रपाल, डॉ निकिता खेतरपाल एवं डॉ अर्पिता श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष अग्रवाल, नंदलाल पूरी, श्रीकांत सहारे, रमेश अग्रवाल ने किया। लायंस क्लब बिलासपुर के सचिव मनीष चंदेल ने आभार व्यक्त किया तथा कोषाध्यक्ष रौनक अग्रवाल ने सभी सम्मानित अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अनदेखी: तरेगांव जंगल में काटे जा रहे सागौन के हरे भरे पेड़

# जिले के जंगलों में धड़ल्ले से जारी है सागौन की अवैध कटाई, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही जिले के जंगलों में बहुमूल्य सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई एक बार फिर तेज हो गई। जिससे न सिर्फ जिले के जंगल उजड़ रहे हैं बल्कि इस अवैध वन कटाई ने वन सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला तरेगांव वन क्षेत्र से सामने आया है।

जहां छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के परियोजना मंडल कबीरधाम अंतर्गत कक्ष क्रमांक 411 में लकड़ी तस्करों की सक्रियता सामने आने के बाद विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि लंबे समय से संगठित तरीके से सागौन की कटाई की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार मगरवाड़ा नदी के आगे स्थित जंगल में वर्षों पुराने सागौन वृक्षों को तस्कर रात के अंधेरे में निशाना बना रहे हैं। वे कटाई के उपकरणों के साथ जंगल पहुंचकर पेड़ों को काटते हैं और लकड़ी को छोटे-छोटे हिस्सों में काटकर पार कर देते हैं। हाल ही में करीब 10 सागौन पेड़ों की कटाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ने से तस्कर कटी हुई लकड़ी और अन्य सामान छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि लंबे समय से चल रहा संगठित अवैध कारोबार है।

उनका कहना है कि विभाग हर बार केवल प्रकरण दर्ज कर औपचारिकता पूरी कर देता है, जबकि तस्करों तक पहुंचने और अवैध कटाई रोकने के लिए प्रभावी रणनीति नजर नहीं आती। लगातार हो रही कटाई से न केवल करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, जलस्रोतों और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने वन क्षेत्र में नियमित रात्रिकालीन गश्त, निगरानी तंत्र को मजबूत करने और लकड़ी तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### रात के अंधेरे में की जा रही अवैध कटाई



सूत्रों के अनुसार हाल ही में कक्ष क्रमांक 411 में करीब 10 सागौन पेड़ों की कटाई की गई। तस्कर लकड़ी को जंगल से बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ने पर वे कटी हुई लकड़ी और कटाई के निशान छोड़कर फरार हो गए। यदि उस समय लोगों की मौजूदगी नहीं होती, तो पूरी लकड़ी आसानी से जंगल से बाहर पहुंच जाती।

### सवालों के घेरे में वन सुरक्षा, कार्रवाई की मांग तेज

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वन क्षेत्र में नियमित रात्रिकालीन गश्त और प्रभावी निगरानी होती, तो तस्कर बार-बार उसी इलाके में अवैध कटाई नहीं कर पाते। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने, लकड़ी तस्करों के नेटवर्क का खुलासा करने तथा संवेदनशील वन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि तरेगांव जंगल की ही तरह जिले के पंडरिया, बोड़ला तथा रेंगाखार जंगल क्षेत्र में भी अवैध कटाई शिकायतें सामने आ रही है। लेकिन विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# पदोन्नति में टेट उत्तीर्ण को प्राथमिकता की मांग

### मंच ने संयुक्त संचालक दुर्ग को सौंपा ज्ञापन



- शिक्षकों की टेट पात्रता सेवा पुस्तिका में की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आगामी अगस्त माह में प्रस्तावित शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर टेट उत्तीर्ण शिक्षक साझा मंच ने संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए पदोन्नति में टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को प्राथमिकता देने की मांग की है।

मंच का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13 फरवरी 2026 को प्रकाशित राजपत्र, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ही पदोन्नति प्रक्रिया संपन्न कराई जानी चाहिए। यदि पदोन्नति नियमों के अनुरूप नहीं हुई तो भविष्य में बड़े पैमाने पर विवाद और न्यायालयीन स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में कहा गया है कि सहायक शिक्षक से शिक्षक तथा शिक्षक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति केवल वरिष्ठता का विषय नहीं, बल्कि विधिक पात्रता और गुणवत्ता का भी विषय है। ऐसे में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को नजरअंदाज कर पदोन्नति देना न्यायसंगत नहीं होगा।

मंच ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए टेट आवश्यक नहीं है, जबकि एनसीटीई ने सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपने शपथ-पत्र में भी पदोन्नति के लिए टेट की अनिवार्यता का समर्थन किया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी टेट की अनिवार्यता को स्वीकार किया जा चुका है। मंच ने मांग की है कि 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में अंतिम वरिष्ठता सूची जारी करते समय उसमें टेट उत्तीर्ण का पृथक कॉलम शामिल किया जाए, जिससे स्पष्ट हो सके कि कौन-सा शिक्षक टेट उत्तीर्ण है। इससे पदोन्नति प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी तथा योग्य शिक्षकों के साथ न्याय सुनिश्चित होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिलासपुर एवं बस्तर शिक्षा संभाग द्वारा जारी अंतिम वरिष्ठता सूची में टेट संबंधी विवरण दर्ज किया गया है, इसलिए दुर्ग संभाग में भी समान व्यवस्था लागू की जानी चाहिए।

### शिक्षा गुणवत्ता में होगा सुधार

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि टेट उत्तीर्ण शिक्षक साझा मंच के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप ही संयुक्त संचालक, दुर्ग द्वारा शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में टेट उत्तीर्ण होने का इंद्राज करने संबंधी आदेश जारी किया गया था। जब सेवा पुस्तिका में टेट की प्रविष्टि आवश्यक मानी गई है, तब पदोन्नति प्रक्रिया में भी उसे पात्रता के महत्वपूर्ण आधार के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। मंच का मानना है कि यदि वरिष्ठता सूची में टेट का कॉलम नहीं जोड़ा गया तो पात्र एवं अपात्र शिक्षकों के बीच अंतर करना कठिन हो जाएगा। मंच ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में जिन शिक्षकों ने टेट उत्तीर्ण नहीं किया है, उनकी स्थिति भी विधिक प्रावधानों के अधीन है। इसलिए पदोन्नति का लाभ उन्हीं शिक्षकों को मिलना चाहिए जिन्होंने शासन एवं एनसीटीई द्वारा निर्धारित पात्रता को पूरा किया है। इससे शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता बढ़ेगी तथा योग्य शिक्षकों का मनोबल भी मजबूत होगा।

## खबर संक्षेप

### आवेदन की तिथि अब 12 जुलाई तक

**कवर्धा।** पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन 03 जुलाई तक आमंत्रित किए गए थे, जिसकों बढ़ाकर 12 जुलाई किया गया है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा, जिनका मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से वैध पंजीयन हो तथा छात्र-छात्राएं वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा 6वीं में प्रवेश ले रहे हों। चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आवेदन श्रमेव जयते ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त श्रम संसाधन केंद्र, चॉइस सेंटर तथा श्रम पदाधिकारी कार्यालय, कबीरधाम में भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

### दो विपत्ति ग्रस्त परिवार को मिली आर्थिक मदद

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने दो विपत्ति ग्रस्त परिवारों को 50 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। एसडीएम संदीप ठाकुर ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर ग्राम बटुराकछार निवासी सुशांत की मृत्यु हो जाने पर उनके पिता रामचंद को, ग्राम रवेली निवासी राहुल की मृत्यु हो जाने पर उनके पत्नी आंचल को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

# झमाझम बारिश से किसानों ने ली राहत की सांस

- जिले में अब तक 502.7 मिलीमीटर वर्षा की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

देर से ही सही पर अब जिले में मानसून धीरे-धीरे सक्रिय होता नजर आ रहा है। बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम पर गौर किया जाए तो वनांचल व पहाड़ी ईलाकों के साथ मैदानी ईलाकों में भी रूक-रूककर झमाझम बारिश हो रही है।

जिससे किसानो के चेहरे खिल उठे हैं और अब वे पूरी सिद्दत के साथ खेती किसानी के कार्यो में जुट गए है। भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार जिले में 1 जून से अब तक कुल 502.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो खरीफ सीजन के लिए सकारात्मक संकेत मानी जा रही है।

जिले की औसत वर्षा के मुकाबले अब तक 42.2 प्रतिशत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं अगर तहसीलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो पिपरिया तहसील जिले में सबसे आगे है, जहां अब तक 151.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। यहां सामान्य वर्षा के मुकाबले 71.1 प्रतिशत वर्षा रिकॉर्ड की गई, जो जिले में सबसे बेहतर स्थिति दर्शाती है। वहीं बोड़ला तहसील में 81.5 मिलीमीटर वर्षा के साथ 70.9 प्रतिशत वर्षा दर्ज हुई, जिससे खेती-किसानी के लिए अनुकूल वातावरण बना है। कुकदूर तहसील में भी 75 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य वर्षा का 49.3 प्रतिशत है। कवर्धा तहसील में 68.8 मिलीमीटर वर्षा के साथ 36.4 प्रतिशत, सहसपुर लोहारा में 32 प्रतिशत तथा पंडरिया में 29.9 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है।



### अच्छी बारिश से बढ़ेगा भू-जल स्तर

लगातार हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंच रही है, जिससे किसान धान सहित खरीफ फसलों की बुआई में तेजी ला रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब, नाले और अन्य जलस्रोत भी भरने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में और अच्छी बारिश की संभावना है, जिससे जिले में वर्षा का प्रतिशत तेजी से बढ़ सकता है। मानसून की यह सक्रियता कबीरधाम जिले के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण लेकर आई है।

# विधायक के आश्वासन के बाद किसानों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर बीते मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे विकासखंड पंडरिया क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा के धरना स्थल पहुंचने और मांगों के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी।

किसान नेताओं ने बताया कि विधायक के साथ सबसे पहले गन्ना भुगतान एवं रिकवरी राशि के लगभग 30 करोड़ रुपये के भुगतान को लेकर चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 करोड़ रुपये का भुगतान 10 जुलाई तक किया जाएगा। शेष मूल राशि में से 13 करोड़ रुपये का भुगतान जुलाई के अंतिम सप्ताह तक तथा रिकवरी की शेष राशि अगस्त माह में किसानों को दी जाएगी। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व में नान द्वारा शक्कर के स्टॉक के आधार पर कारखाने को अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाती थी। यदि पहले की तरह यह व्यवस्था पुनः लागू की जाए तो किसानों को गन्ना भुगतान के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि रिकवरी राशि एवं शेष मूल राशि मंडी बोर्ड के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए, जिससे एफआरपी एवं रिकवरी का भुगतान किसानों को शीघ्र मिल सके। बैठक में जिले में खाद की कथित कालाबाजारी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि 266 रुपये प्रति बोरी मिलने वाली यूरिया खुले बाजार में 500 रुपये से अधिक कीमत पर बेची जा रही है।

इसी प्रकार 1,350 रुपये मूल्य वाली डीएपी 2,000 रुपये से अधिक तथा सुपर फॉस्फेट भी निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर बेचा जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि खाद विक्रेताओं और कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण यह स्थिति बनी हुई है। इस पर विधायक भावना बोहरा ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उन्हें निर्धारित दरों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान गन्ना फसल को कृषक उन्नति योजना में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा।

चर्चा के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की वित्तीय स्थिति में सुधार के उपायों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा, प्रदेश मंत्री कुणाल सिंह ठाकुर, प्रदेश महिला प्रमुख अदिति कश्यप, प्रदेश प्रचार प्रमुख संजय साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकुमार चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# कबीरधाम जिले के छह नगरीय निकायों में एल्डरमेन नियुक्त, शासन ने जारी की सूची









हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य सरकार ने कबीरधाम जिले के दो नगर पालिका परिषद और चार नगर पंचायतों में एल्डरमेन (मनोनीत पार्षद) की नियुक्ति को मंजूरी देते हुए सूची जारी कर दी है। इन नियुक्तियों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ, अनुभवी और लंबे समय से संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। मनोनीत पार्षद अब अपने-अपने नगरीय निकायों में अध्यक्ष और निर्वाचित पार्षदों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगर पालिका परिषद कवर्धा में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु तिवारी को एक बार फिर एल्डरमेन बनाया गया है। इससे पहले भी वे इस दायित्व का निर्वहन कर चुकी हैं। उनके अलावा शिवकुमारी यादव, निशा साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सलूजा तथा संतोष भारती को भी मनोनीत पार्षद बनाया गया है। नगर पालिका परिषद पंडरिया में रोशन जैन, यशपाल छाबड़ा, रमेश गुप्ता, जय चंद्रवंशी और लाला यादव को एल्डरमेन के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत इंदौरी में कौशल तिवारी, डॉ. भरत यादव और रोहित कुमार मरावी को मनोनीत किया गया है। नगर पंचायत बोड़ला में शारदा गंधर्व, गौतम गुप्ता और मानिकदास मानिकपुरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर पंचायत लोहारा में अश्रु पटेल, मोहनलाल साहू और सत्यप्रकाश तिवारी को एल्डरमेन बनाया गया है। वहीं नगर पंचायत पिपरिया में अनिल श्रीवास, पुन्नी यादव और नंद कुम्भकार को मनोनीत पार्षद के रूप में नियुक्त किया गया है।

### नगरीय निकाय के वर्तमान कार्यकाल तक नियुक्ति

सरकार के आदेश के अनुसार सभी एल्डरमेन का कार्यकाल संबंधित नगरीय निकाय के वर्तमान कार्यकाल तक रहेगा। उन्हें शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्हें मनोनीत पार्षद के अधिकार प्राप्त होंगे और वे अपने पार्षद निधि का उपयोग नगरीय क्षेत्र के किसी भी वार्ड में जनहित एवं विकास कार्यों के लिए कर सकेंगे। इन नियुक्तियों के बाद जिले के नगरीय निकायों में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन से जुड़े अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलने से शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और जनता से समन्वय स्थापित करने में भी सहायता मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## एक माह में 480 से अधिक पर्यटकों ने भ्रमण का लिया आनंद

# वर्षाकाल में थम गई भोरमदेव जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मानसून के आगमन के साथ भोरमदेव जंगल सफारी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। लगातार बारिश से जंगल के कच्चे मार्गों की स्थिति खराब होने और वन्यजीवों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने यह फैसला लिया है।

अब पर्यटक नवंबर से करियाआमा गेट के माध्यम से दोबारा जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान विभाग सफारी ट्रैक के उन्नयन, सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर कार्य करेगा। भोरमदेव जंगल सफारी का संचालन 4 मई से शुरू हुआ था। महज एक महीने में ही इसे पर्यटकों का अच्छा प्रतिसाद मिला।

करीब 30 दिनों में 480 से अधिक पर्यटकों ने 36 किलोमीटर लंबे सफारी ट्रैक का भ्रमण किया, जिससे वन विभाग को लगभग 2.75 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वन विभाग के अनुसार मानसून अवधि का उपयोग आगामी पर्यटन सत्र की तैयारियों के लिए किया जाएगा।

पूरे 36 किलोमीटर लंबे ट्रैक की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को सुरक्षित और बेहतर सफारी अनुभव मिल सके। साथ ही जंगल के उन क्षेत्रों का सर्वे किया जा रहा है, जहां भारतीय गौर, भालू और अन्य वन्यजीवों की गतिविधियां अधिक रहती हैं। भविष्य में इन स्थानों पर सुरक्षित व्यू-प्वाइंट और वॉच टावर विकसित करने की योजना भी बनाई गई है। वन अधिकारियों का कहना है कि जून से अक्टूबर तक का समय वन्यजीवों के प्रजनन का संवेदनशील काल होता है।

इस दौरान जंगल में पर्यटकों और वाहनों की आवाजाही सीमित रखने से वन्यजीवों को प्राकृतिक वातावरण मिलता है, जिससे उनके संरक्षण और प्रजनन में सहायता मिलती है।

### रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका



जंगल सफारी ने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक महीने के भीतर सफारी संचालन से जुड़े 17 स्थानीय युवाओं ने गाइड, ड्राइवर और गेट संचालन जैसी जिम्मेदारियां निभाते हुए 75 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित की। वहीं परिसर में संचालित महिला स्व-सहायता समूह की कैंटीन ने भी लगभग 20 हजार रुपये की आमदनी कर स्थानीय महिलाओं की आजीविका को मजबूती प्रदान की। वन विभाग को उम्मीद है कि मानसून के बाद बेहतर सुविधाओं, मजबूत ट्रैक और सुरक्षित व्यवस्थाओं के साथ शुरू होने वाला अगला सफारी सत्र पर्यटकों के लिए पहले से अधिक आकर्षक और रोमांचक साबित होगा।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने उड़िया कला व बचेड़ी में रखी विकास कार्यों की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम उड़िया कला व बचेड़ी में आयोजित विकास निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सांसद निधि से स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं के आवागमन को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

सांसद पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। विश्व में हमारे भारत देश की अलग पहचान है। सांसद पांडेय ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों से फोन से बात कर समस्या के निराकरण के लिए निर्देश भी दिए।

## सार समाचार

### साहित्यकार ठाकुर के नाम पर पुरस्कार होगा स्थापित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा संस्कारधानी के वरिष्ठ साहित्यकार स्व. इंदुभूषण ठाकुर की 100वीं जन्म शताब्दी वर्ष साहित्यिक समारोह आयोजन के साथ मनाया गया। नगर निगम के महंत राजा बलराम दास सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन ने साहित्यकार इंदुभूषण ठाकुर को कृतज्ञतापूर्वक याद किया। साहित्य समिति की मांग पर कहा कि जिस तरह संस्कारधानी नगरी के साहित्य त्रिवेणी पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानन माधव मुक्तिबोध, बल्देव प्रसाद मिश्र सहित नंदूलाल चोटिया, कुंजबिहारी चौबे के नाम पर निगम द्वारा पुरस्कार स्थापित है, इसमें एक नाम साहित्यकार इंदुभूषण ठाकुर का और जुड़ जाएगा। अब इन पुरस्कार श्रृंखला की निरंतरता बनी रहेगी। आयोजन में आधार वक्तव्य सुयश इंदुभूषण ठाकुर ने दिया। वहीं कवि शत्रुघन सिंह राजपूत ने स्व. ठाकुर की पांच कविताओं के सस्वर वाचन किया। कवि प्रभात तिवारी ने ठाकुर के कविताओ की गहराई और प्रगतिशीलता पर चर्चा की। समिति के संरक्षक आत्माराम कोशा ने ठाकुर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते उन्हें निष्कपट प्रेम व अध्यात्म का कवि बताया। राजेश गुप्ता अग्रहरि, समाजसेवी शारदा तिवारी व साधना तिवारी समेत अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा वरिष्ठ कथाकार सुभदा मिश्र , प्रजापति ब्रह्मा कुमारी पुष्पा बहन व महेंद्र ठाकुर का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।



### अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों एवं शिक्षकों की संयुक्त भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अभिभावकों और शिक्षकों की साझा जिम्मेदारी है। नियमित संवाद से हम विद्यार्थियों को बेहतर समझ सकते हैं और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दे सकते हैं।" उन्होंने महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं सतत मूल्यांकन प्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। पीटीएम प्रभारी ने बैठक के उद्देश्य एवं स्वरूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, व्यवहार एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में सहभागिता पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि पीटीएम के माध्यम से हम अभिभावकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना चाहते हैं। जिससे विद्यार्थियों की क्षमताओं और कमजोरियों को समझकर उनके समुचित विकास हेतु कार्य किया जा सके। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जहां अभिभावकों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह बैठक एक सशक्त शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।



### चैपाटी पुष्पवाटिका का संधारण, लक्ष्मण झूला पुनः चालू

**राजनांदगांव।** उद्यानों का मरम्मत कर उनका संधारण किया जा रहा है। इसी कड़ी में नेहरू उद्यान, आरके नगर उद्यान, चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का मरम्मत कर वहां आवश्यक खेल उपकरण झूला आदि नया लगाया गया है। इसके अलावा लक्ष्मण झूला का मरम्मत कर पुनः चालू किया गया है। उद्यान संधारण के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के कई उद्यान पुरानी होने के कारण जीर्णशीर्ण स्थिति में आ गई थी। उक्त उद्यानों का महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम द्वारा मरम्मत किया जा रहा है। शीतला मंदिर समीप स्थित नेहरू उद्यान, आरके नगर के उद्यान के अलावा चैपाटी व पुष्पवाटिका का मरम्मत संधारण किया गया है, शेष उद्यानों को भी प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत किया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि महापौर द्वारा इस वित्तीय वर्ष के बजट में उद्यानों के संरक्षण संवर्धन का प्रावधान रखा गया है। जिसके क्रियान्वयन के लिए विभागीय प्रक्रिया की जा रही है, ताकि उद्यानो को दुरूस्त कर नागरिकों के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि नागरीकगण दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए आनंद उठा सकते हैं।



### स्कूल वाहन चालकों को किया जागरूक

**राजनांदगांव।** स्कूल वाहन चालकों को यातायात पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियमों की जानकारी दी एवं कई विषयों पर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस जिला राजनांदगांव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर में संचालित स्कूल बस, टेंपो, ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के लिए विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुरुनानक स्कूल, वेसलियन स्कूल, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी, नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग, बाल भारती स्कूल बल्देवबाग, गुजराती स्कूल, गायत्री स्कूल, संस्कार सिटी स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल, वाइडनर स्कूल एवं सरस्वती विद्या मंदिर में संचालित स्कूल वाहनों के चालकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित परिवहन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



## निधन



### रानी चौरसिया

**राजनांदगांव।** गुड़ाखू लाइन के प्रतिष्ठित बर्तन व्यवसायी गोपाल-विनोद चौरसिया की मातुश्री रानी चौरसिया (85 वर्ष) का 2 जुलाई को निधन हो गया। गुड़ाखू लाइन स्थित जिन निवास से श्रीमती चौरसिया की अंतिम यात्रा कल 3 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी। श्रीमती चौरसिया किशोर-मुकेश चौरसिया की चाची एवं सीए विकास चौरसिया की दादी थी।

# बिजली कटौती पर मेयर सख्त, दिए व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव अपने कक्ष में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में विद्युत मण्डल के अधिकारियों की बैठक लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत अवरोध के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड की विद्युत व्यवस्था तथा मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के संबध में चर्चा की।

बैठक में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू एवं लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

महापौर श्री यादव ने अधिकारियों से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर विद्युत प्रवाह में हो रहे अवरोध के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बसंतपुर क्षेत्र में गत दिनों विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिससे लोग आक्रोशित हुए तथा विद्युत मण्डल के अधिकारियों द्वारा समय में उपस्थित नहीं होने, जल्द सुधार नहीं करने की भी शिकायत प्राप्त होती है, इस प्रकार की घटना न हो, इसका विशेष ध्यान रखें और व्यवस्था दुरूस्त करें।

#### सीमित कर्मी होने से दिक्कतें

कार्यपालन अभियंता शैलेन्द्र पाण्डे ने जानकादी दी कि खराब मौसम के कारण विद्युत अवरोध की घटना होती है। सभी क्षेत्रों में एक साथ अवरोध होने के कारण सुधार में परेशानी होती है ,क्योंकि कर्मचारियों की कमी है, 20-22 फिटर में सीमित कर्मचारियों से काम लेना पड़ता है। कर्मचारी लगातार सेवानिवृत हो रहे हैं और भर्ती नहीं हो पा रही है। इसके अलावा संविदा कर्मचारी हडताल पर चले गए हैं। जिससे विद्युत गैंग की कमी हो रही है। इसी प्रकार पुराने लाईनों के कारण आंधी-तूफान में परेशानी आती है। एक साथ कई फीडर से कम्पलेन आता है, एक सुधार करने और दूसरे तक पहुंचने में समय लगता है। शासन से गैंग बढ़ाने प्रस्ताव भेजा गया है।



#### अनुपयोगी मीटर करें बंद

आयुक्त ने कहा कि निजी भवन या संस्था द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग पर रोड़ में न लगाएं, ताकि यातायात बाधित न हो या अन्य किसी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रांसफार्मर लगाने की जानकारी निगम को आवश्य दें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के अनुपयोगी मीटर बंद करने भी प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर कार्रवाई कर बंद किया जाए तथा कुछ विद्युत पोल जर्जर हो गए हैं, उसे भी बदलने की कार्रवाई की जाए, ताकि बरसात में दुर्घटना न हो।

#### केबल और ट्रांसफार्मर दुरूस्त करें

महापौर श्री यादव ने कहा कि पुराने कनेक्शन चेंज करें, केबल एवं ट्रांसफार्मर आदि दुरूस्त करें, शासन स्तर पर लंबित प्रस्ताव की कापी उपलब्ध कराएं, जिस पर बात की जा सके। इसके अलावा बारिश के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करें। उन्होंने शहर के कई क्षेत्रों में दिन में भी लाईट जलने की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषणा के काम को प्राथमिकता देने तथा सुशासन तिहार में विद्युत संबंधी समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिए।

### विकसित भारत रोजगार गारंटी योजना का शुभारंभ

# जी राम जी से विकास में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण के शुभारंभ अवसर पर आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने विधानसभा निवास कार्यालय से तथा जिला पंचायत सभाकक्ष से सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े।

सांसद पांडे ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा गरीब परिवारों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत रोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया है तथा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास, भूमि सुधार, ग्रामीण सड़क निर्माण एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना में रोजगार की अवधि बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से ग्रामीण मजदूरों को अतिरिक्त रोजगार मिलेगा तथा गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण और किसान हितैषी संकल्प को यह योजना और अधिक प्रभावी बनाएगी। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।




#### 125 दिन मिलेगा रोजगार

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण योजना में रोजगार की अवधि 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से श्रमिक परिवारों को अतिरिक्त रोजगार और आय का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना का दायरा बढ़ाते जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण आवश्यकताओं पर आधारित निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना का विशेष फोकस ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर है। जिले में एक लाख 30 हजार से अधिक महिला स्वसहायता समूह सदस्य सक्रिय हैं और उनकी भागीदारी से योजना के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा पलायन रोकने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

#### विकास को मिलेगी गति : किरण

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ-साथ आजीविका, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा आधारभूत अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिवस का रोजगार मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिवस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, नहर, जल संरक्षण सहित विभिन्न विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों का पलायन कम होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया।

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** भाजयुमो दक्षिण मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभारी संचालन एवं पं. दीनदयाल महाप्रशिक्षण अभियान अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षित करना था।



कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, सेवा, समर्पण एवं सक्रिय जनसंपर्क के साथ कार्य करने प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्रदान करने वरिष्ठ मार्गदर्शक शैंकी बग्गा ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी संचालन, सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग तथा संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

डीएलपी प्रभारी उज्वल कसेर ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। युवा मोर्चा के जिला मंत्री कमलेश प्रजापति तथा जिला प्रशिक्षण प्रमुख अविरल मिश्रा की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को संगठन के विस्तार एवं जनसेवा के कार्यों में प्रभावी रूप से उपयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में हिमांशु सोनवानी, आशीष सोरी, हरीश सोनवानी, रोहित सिन्हा, जैकी सोनकर, अमितेश झा, अमन सिन्हा, पीयूष लुनिया, दीपक सिन्हा, हर्षवर्धन शर्मा, सोनू यादव, जोगेंद्र देवांगन, भावेश दुबे, प्रिंस राजपूत, अभिषेक सोरी, सत्यम जायसवाल, विक्की पंचोली, विवेक ताम्रकार, लक्ष्य सिन्हा शामिल हुए।

# सट्टा खिलाते दो पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस ने सट्टा खिलाने के दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बंगाली चाल स्थित सोनू पान ठेला के पास दो व्यक्ति रुपए का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी मनीष यादव उर्फ सोनू 32 वर्ष व रविन्द्र कुमार साहू उर्फ जड्डू 24 वर्ष निवासी बंगाली चाल को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया।

#### नगदी व सट्टा-पट्टी जब्त

आरोपियों के कब्जे से 3700 रुपए नगद, 2 सट्टा-पट्टी, 2 डॉट पेन एवं 1 वीवो मोबाइल बरामद कर जब्त किया गया। थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत विधिवत कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं थाना स्टाफ के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

